शिक्षा के क्षेत्र में देश के टॉप पाँच ज़िलों में शेखपुरा पहले और पूर्णिया दूसरे स्थान पर

चर्चा में क्यों?

13 अप्रैल, 2023 को मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रेटिंग में शिक्षा सेगमेंट में देश के टॉप पाँच ज़िलों में बिहार का शेखपुरा ज़िला पहले और पूर्णिया ज़िला दूसरे स्थान पर रहा।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि शिक्षा के क्षेत्र में देश के टॉप पाँच आकांक्षी ज़िलों की लिस्ट में बिहार और झारखंड के ज़िलों के नाम रहे हैं। झारखंड के गिरीडीह, बोकारो और पूर्वी सिंहभूम क्रमश: तीसरे, चौथे और पाँचवें नंबर पर रहे।
- नीति आयोग द्वारा जारी की जाने वाली आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रेटिंग के शिक्षा सेगमेंट में मुख्य रूप से पढ़ाई, लाइब्रेरी, स्कूलों की संरचना, छात्रों के लिये उपलब्ध सुविधा आदि पर ध्यान दिया जाता है। इसके अलावा शिक्षा क्षेत्र में स्कूलों में उपलब्ध पेयजल और टॉइलेट की सुविधा पर भी ध्यान दिया जाता है।
- हालाँकि, नीति आयोग द्वारा फरवरी 2023 की जारी चैंपियन ऑफ चेंज की डेल्टा रैंकिंग के ओवर ऑल सेगमेंट में बिहार का एक भी ज़िला नहीं है।
- वहीं, स्वास्थ्य और पोषण के टॉप पाँच ज़िलों में झारखंड के साहिबगंज पहले और बोकारो-दूसरे स्थान पर है।
- देश के अल्पविकसित 112 ज़िलों में वर्ष 2018 से चल रहे आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम में बिहार के 13 ज़िले हैं। इन ज़िलों के बीच बेहतर काम हो, इसके लिये प्रतिमहीना इन ज़िलों के विकास के निर्धारित पैमाने पर रैंकिंग की जाती है।
- विदित है कि केंद्र सरकार देश के आकांक्षी ज़िलों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा व वित्तीय स्थिति और आधारभूत अवसंरचना जैसे प्रमुख क्षेत्रों को विकसित करने पर विशेष राशि देती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/in-the-field-of-education,-sheikhpura-is-1st-purnia-ranks-2nd-in-the-top-five-districts-of-the-country